मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-59
19/01/2023

# मुख्यमंत्री ने शूरवीर महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा का किया लोकार्पण

- **शूरवीर महाराणा प्रताप के जन्म दिवस 9 मई को राजकीय समारोह के रुप में मनाया जाएगा– मुख्यमंत्री**

पटना, 19 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के फ्रेजर रोड स्थित एस0पी0वर्मा रोड के मुहाने पर नवनिर्मित पार्क में शूरवीर महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और नवनिर्मित पार्क का निरीक्षण भी किया।

इस मौके पर पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह एवं पुस्तक भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य–कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेसी सिंह, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप साहब की प्रतिमा आज यहां स्थापित की गई है। आज के ही दिन उनकी मृत्यु हुई थी। महाराणा प्रताप के जन्मदिन के अवसर पर राजकीय समारोह आयोजित किया जाता है। 9 मई को जन्मदिन के अवसर पर महाराणा प्रताप राजकीय समारोह हर वर्ष आयोजित किया जायेगा। महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर भी राज्य भर में समारोह आयोजित किये जाते हैं। देश में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। हमलोग चाहते हैं कि नई पीढ़ी के लोगों को भी महाराणा प्रताप के बारे में सबकुछ मालूम हो। उन्होंने लोगों के हित में काम किया था। जब महाराणा प्रताप का शासन था और एक महिला को गिरफ्तार किया गया था तो उन्होंने कहा था कि महिला को क्यों गिरफ्तार किया गया है, उसे छोड़ दो, यह बहुत बड़ी चीज है। हमलोग हमेशा से कहते रहे हैं कि महिलाओं के हित में काम होना चाहिए। अपने समय में महाराणा प्रताप ने जो काम किये वह सब नई पीढ़ी को मालूम होना चाहिए। बड़े–बड़े कार्यक्रम उनकी याद में आयोजित किये जाते हैं। काफी समय से हमलोगों के मन में था कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा यहां पर स्थापित करें। आज वो काम हो गया है। यहां पर जिस तरफ से भी लोग आयेंगे इनकी प्रतिमा को देखेंगे। इसी कारण हमलोगों ने इस जगह का चुनाव किया है। नई पीढ़ी से लेकर पुरानी पीढ़ी के लोग भी इनसे प्रेरणा लेंगे।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के0 चन्द्रशेखर राव की सभा में नहीं बुलाये जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमको नहीं पता है। हमलोग तो दूसरे कामों में लगे हैं। जिनको

मौका मिला होगा वे लोग गये होंगे। इसमें ऐसी कोई बात नहीं है। यह उनकी पार्टी की रैली थी। उस रैली में जो लोग गये, यह अच्छी बात है। हमलोग रात–दिन यहां के काम में लगे हुए हैं। इस बीच कोई मुझे बुलाये तो भी नहीं जा सकते हैं। यह सब कोई इश्यू नहीं है। कई दलों का एक जगह समूह बन गया है, ऐसा कुछ नहीं है। यहां भी श्री के0 चन्द्रशेखर राव आये थे।

श्री के0 चन्द्रशेखर राव या फिर कांग्रेस के साथ जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार हम सब लोगों से बात कर चुके हैं। आगे देखा जायेगा कि क्या होगा, कितने लोग एकजुट होंगे। उसके आगे हमसब लोग लग जायेंगे। बिहार में हम सब लोग लगे ही हुए हैं। अनेक लोगों से बात हुयी है। समाधान यात्रा के बाद बिहार में विधानमंडल का सत्र शुरु होने वाला है। उसके बाद हमलोग फ्री हो जायेंगे और आगे जो भी करना होगा उसे करेंगे।

देशभर के दौरे की चर्चा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चर्चा है तो आपलोग चर्चा करते रहिए। आपलोग जहां कहेंगे वहां हम चले जायेंगे। कोई बुलायेगा तो हम वहां जायेंगे। मेरी अपनी कोई ख्वाहिश नहीं है। हम कुछ नहीं चाहते हैं। हम एक ही चीज चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा विपक्ष के लोग एकजुट हों और आगे बढ़ें। यही देश के हित में है। अपने लिए हम कुछ नहीं कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी चौबे के धरने पर बैठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे धरने पर बैठें, इस पर कोई रोक नहीं है।

******